तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 6 अप्रैल 2024

09 राजगद्दी व गुरुगद्दी में समन्वय से होता है राष्ट्र का उत्थान ...

10 मां कर्मा थीं सेवा, त्याग और भक्ति का पर्याय





# NEET और JEE में चयन नहीं होने पर शत-प्रतिशत फीस वापसी की गारंटी

**प्राइम कैरियर में ड्रापर व समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ**




भिलाई। ऐसे छात्र-छात्राएं जो अभी 12वीं की परीक्षा दिए है। उसके लिए 8 अप्रैल से ड्रापर बैच प्रारंभ हो रहा है। जो कि NEET व JEE के छात्र-छात्राओं के लिए है। ड्रापर बैच प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास लिया जाता है। प्रत्येक रविवार को परीक्षा नीट व जेईई परीक्षा पर आधारित टेस्ट ली जाती है। जिसका परिणाम प्रत्येक सोमवार को आता है। छात्र-छात्राओं को पढ़ाने वाले फैक्ल्टी आईआईटीयंस डॉक्टर्स छात्रों को शिक्षा देते है। पिछले वर्ष नीट परीक्षा में कुंवर सिंह 720 नंबर में 695 अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह अपूर्व 680, अंकित मंडावी 655, ओमप्रकाश 632, आकांक्षा यादव 617, श्वेता सिंह 612 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है। आईआईटी-जेईई की परीक्षाओं में समीर, लाडेकर आईआईटी मुंबई, शैलेंद्र साहू आईआईटी पटना, प्रफुल देवांगन आईआईटी B.H.U. में दाखिला हुआ। इसी तरह अनेक छात्र-छात्राओं ने देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज और आईआईटी व NIT कॉलेज में दाखिल हुआ। प्राइम कैरियर इस्टीट्यूट भिलाई शाखा में लगातार नीट व जेईई में टॉप टेन में परिणाम दे रहा है। जो देश में एक अलग पहचान बनाया है क्योंकि यहां डॉक्टर और आईआईटीयंस के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। यहां हॉस्टल की भी सुविधा है। वैसे छात्र जो अभी 10वीं की परीक्षा दिए है। उन छात्र-छात्राओं के लिए समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। समर कोर्स में यहां 100 प्रतिशत कोर्स कम्पलिट कराया जाता है। समर कोर्स वाले बच्चों को स्टडी मटेरियल भी दिया जाता है। जो कि नीट व जेईई के छात्र के लिए बहुत उपयोगी है। यह समर कोर्स केवल तीन माह के लिए है। बच्चों के लिए आयोजित मोटिवेशन क्लासेस भी होता है। प्राइम कैरियर इस्टीट्यूट पूरे प्रदेश में एक मात्र संस्था है जहां स्टार बैच भी है। स्टार बैच में पढ़ने के बावजूद नीट व जेईई में चयन नहीं होता है तो 100 प्रतिशत फीस रिफंड किया जाता है वह भी लिखित दस्तावेज में, भिलाई में तीन शाखा है। पहला प्राइप कैरियर इस्टीट्यूट सेक्टर-10 ए मार्केट, दूसरा 178/179 न्यू सिविक सेंटर, तीसरा 262 जोनल मार्केट में संचालित है। जिसका मो. नं. 83195-71812 व 7880168887

Advt.


## खबर संक्षेप



### नवरात्रि की तैयारियां तेज

**बालोद।** 9 अप्रैल मंगलवार से चैत्र नवरात्रि पर्व की शुरुआत होगी। वहीं 16 अप्रैल को महाष्टमी के दिन हवन के बाद ज्योतिकलश और जंवारा का विसर्जन होगा, अधिकांश जगहों में 17 अप्रैल के दिन विसर्जन कार्यक्रम होगा। नवरात्रि को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। जिले के प्रसिद्ध देवी मंदिरों में रंग रोगन, लाइटिंग सिस्टम और आकर्षक सजावट का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। वहीं श्रद्धालु भी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराने मंदिर पहुंच रहे हैं। चैत्र नवरात्रि के पूरे 9 दिन कई विशेष धार्मिक कार्यक्रम मंदिरों में देखने को मिलेगा। जिसकी तैयारी समिति द्वारा जोरशोर से किया जा रहा है।

### आज पेंशनर समाज की बैठक

**देवरी-बंगला।** पेंशनर समाज तहसील मार्री बंगला देवरी द्वारा जिला स्तरीय बैठक का आयोजन कम्युनिटी हॉल देवरी में आज 6 अप्रैल को 12:00 बजे रखा गया है। बैठक में राज्य एवं केंद्र स्तर के पेंशनरों की जानकारी दी जाएगी। उक्त जानकारी तहसील अध्यक्ष शारदा प्रसाद शर्मा ने दिया।

### यादव ठेठवार समाज की बैठक 7 को

**बालोद।** यादव ठेठवार समाज बालोद राज की बैठक 7 अप्रैल को दोपहर 12 बजे ठेठवार यादव भवन गंजपारा बालोद में रखी गई है। बालोद राज अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि कोषाध्यक्ष चेतन यादव द्वारा आय और व्यय की जानकारी दी जाएगी एवं महासचिव पवन यादव द्वारा प्राप्त आवेदनों का भी सामाजिक निराकरण किया जाएगा। बैठक में रवि प्रकाश यादव, आलेन्द यादव, राकेश यादव, ताम्रध्वज यादव, नंदकिशोर यादव, राजेश यादव, ललित यादव, मंडल अध्यक्ष हेमंत यादव, लीलाधर यादव, महेश यादव, रामस्वरूप यादव, जगदीश यादव एवं ग्राम प्रमुख उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी कार्यालय सचिव जयप्रकाश यादव एवं मीडिया प्रभारी बलदेव यादव ने दी।

## समस्या

### संभले नहीं तो बूंद-बूंद पानी के लिए तरस जाएंगे लोग

# जिले में लगातार गिर रहा भू-जलस्तर दे रहा गंभीर खतरे की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

जिले में साल दर साल जलसंकट लगातार गहराता जा रहा है। गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या सभी के लिए चुनौती बन चुकी है। साल-दर-साल गिरता भू-जलस्तर गंभीर चिंता का विषय है। गिरते भू-जलस्तर को लेकर लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, बावजूद कोई ठोस बदलाव नजर नहीं आ रहा है। लोग व्यर्थ में पानी बहा रहे हैं और किसान फसल चक्र का पालन ना कर मनमाने तरीके से खेती कर रहे है। परिणाम स्वरूप हर साल पेयजल संकट गहराता जा रहा है। बावजूद इसके न तो कृषक और न ही शासन-प्रशासन को इस बात की चिंता है।

- जागरुकता के बाद भी लोग पानी का मूल्य नहीं समझ रहे



### ग्राम प्रमुखों ने जताई चिंता

यहां क्षेत्र में गर्मी के दिनों में होने वाली धान की खेती में सबसे अधिक पानी की बर्बादी हो रही है। लाटाबोड़ के सरपंच गंगा प्रसाद साहू, पिरीद के सरपंच अवधराम साहू, कमरौद के सरपंच चमेली खिलानंद पटेल, कुर्दी के सरपंच संजय कुमार साहू ने कहा अगर गिरते भू-जलस्तर को लेकर अगर हम अभी नहीं संभले तो बहुत देर हो जाएगी। जिसके कारण आने वाले दिनों में पीने के लिए पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस जाएंगे। क्षेत्र में खरीफ की फसल के रुप में धान का उत्पादन किया जाता है। जिसे सरकार किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदी करती है। लेकिन ग्रामीण अंचल में कुछ लालची किसान गर्मी के मौसम में भी धान की फसल का उत्पादन करते हैं।

### अन्य फसलें भी लें : कृषि अधिकारी

कृषि विभाग के उपसंचालक गोविन्द सिंह ध्रुवे बताते है कि किसानों को गर्मी के सीजन में साग-सब्जी, दलहन व अनाज की अन्य फसल लगाने की सलाह दी जाती है। उनके अनुसार गर्मी के दिनों में धान की खेती में अधिक पानी की जरुरत पड़ती है। एक भी दिन यदि खेत सूखा तो धान की फसल चौपट हो सकती है। इस कारण लगातार धान में पानी भरना पड़ता है। जबकि इस गर्मी के सीजन में साग-सब्जी, मक्का, दलहन जैसी फसलें ली जाती तो काफी कम पानी में ही बेहतर खेती की जा सकती है। किसानों को विभाग अन्य फसलों के प्रेरित भी करता है तथा सरकार की योजना अनुसार बीज का वितरण भी करते है।

### धान की फसल के लिए भरपूर पानी की जरुरत

इस साल भी बड़ी मात्रा में धान की खेती की गई है, जिन गांवों में इस वक्त धान की खेती जा चुकी है एवं धान की सिंचाई की जा रही है। उन सभी गांवों में जल संकट की स्थिति निर्मित होने लगी है। दरअसल धान की फसल में नमी बनाए रखने के लिए लालची किसान बोरवेल से पूरा दिन पानी निकालते हैं, इस कारण गांव के अन्य पेयजल स्त्रोतों पर प्रभाव पड़ता है। जलस्तर कमजोर होता है और गांव में पीने के पानी की दिक्कत होती है। जानकार बताते है कि अगर, इसी तरह बेमौसम फसलों का उत्पादन करने में पानी खर्च किया गया तथा लोग पानी की बर्बादी पर व्यर्थ विराम नहीं लगाते तो भविष्य में पानी के तमाम स्त्रोत सूख जाएंगे।

# शराबी बेटे से तंग आकर मां व भाई ने उतारा था मौत के घाट, पहुंचे जेल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कोबा ग्राम में 31 मार्च को मृतक वामन कुमार साहू पिता स्व. बनऊराम साहू 28 वर्ष के संदेहास्पद मौत के मामले में खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतक की मां व उसके भाई को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

- बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम कोबा में 31 को हुई थी घटना

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक वामन कुमार साहू ग्राम कोबा के स्कूलपारा में अपनी मां रमेश्वरी बाई, भाई कुंदन साहू एवं भाई बहु चमेली साहू के साथ रहता था। 31 मार्च 2024 को रात्रि करीब 7.30-8 बजे वामन साहू नशे के हालत में घर आया और विवाद करते हुए अपनी मां से मारपीट करने लगा। इस पर मां के आवाज देने पर उसका भाई कुंदर साहू बीच-बचाव करने आया। इस दौरान आरोपिया मां व भाई ने सब्जी काटने वाले चाकू से मृतक के बायें तरफ गर्दन व कंधे के पास तीन वार कर दिया। मृतक वहां से अपनी जान बचाकर पहले स्कूल की ओर भागा, फिर ब चा ओ – ब चा ओ चिल्लाते हुए अपने चचेरे भाई बिरेन्द्र साहू के घर खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया।

ग्रामीणों ने उसकी मां को मौके पर बुलाया तो उसने ग्रामीणों को झूठ बोल दिया कि वामन गिरकर घायल हुआ है। इस बीच उसे संजीवनी एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच उपरांत आरोपी मां व उसके भाई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# एएसपी ने किया सुरेगांव थाना के एएसआई-आरक्षक को निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवरीबंगला

पूर्व माध्यमिक शाला झिटिया में बाउंड्रीवाल, नल आदि में अज्ञात द्वारा तोड़फोड़ की गई थी। स्कूल की ओर से थाना सुरेगांव में इसकी शिकायत दर्ज कराई गई। जांच में 11 बच्चों को पालकों सहित थाने बुलाकर उनसे पैसे की वसूली की गई। यही नहीं जांच के लिए पहुंची पुलिस टीम ने गांव में आयरनओर से लदे दो ट्रक चालकों से भी 20-20 हजार की वसूली कर ली। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत उच्चाधिकारी से की और जांच के बाद मामले में संलिप्त सहायक उप निरीक्षक सहित आरक्षक को सस्पेंड कर दिया गया।

- थाना पहुंचकर ग्रामीणों ने एएसपी से की थी शिकायत

**ग्रामीणों ने टीआई-एएसपी से शिकायत :** ग्राम झिटिया के ग्रामीणों से सुरेगांव थाना के पुलिस कर्मियों द्वारा अवैध तरीके से पैसे वसूली करने की शिकायत आई थी। 1 अप्रैल को पूर्व माध्यमिक स्कूल झिटिया में बाउंड्री वॉल, नल आदि की कुछ लोगों ने तोड़फोड़ की थी। इसकी जानकारी लिखित रूप से स्कूल स्टाफ द्वारा थाना सुरेगांव को दी गई। पुलिस जांच में कुछ बच्चों के नाम सामने आए, एक को पकड़कर पूछताछ करने पर दूसरे का नाम सामने आते गया और कुल 11 बच्चों का नाम सामने आ गया।

इसके बाद पुलिस ने सभी बच्चों को उनके पालकों के साथ थाना बुलवाया। यहां सभी पालकों से 1500-1500 रुपए की वसूली की गई। यही नहीं गांव में जांच करने जाने पर सड़क के किनारे आयरनओर ले जाने वाली दो बड़ी गाड़ी खड़ी मिली। पुलिस वालों ने उनके चालकों को धमका चमका कर प्रत्येक से 20-20 हजार रुपए की वसूली कर ली। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी हुई तो 4 अप्रैल को ग्रामीण सुरेगांव थाना धमक पड़े। उन्होंने यहां थाना प्रभारी से इसकी शिकायत की।

### एएसपी ने किया निलंबित

मौके पर उपस्थित एएसपी अशोक कुमार जोशी ने शिकायत सुनी और इसकी जांच करने का आश्वासन दिया। इसके बाद एएसपी ने इसकी जांच स्वयं की और इस मामले में सुरेगांव थाने के सहायक उप निरीक्षक प्रदीप तिवारी सहित आरक्षक यशवंत देशमुख को सस्पेंड कर दिया गया। थाना पहुंचने वालों में सरपंच नरेंद्र वर्मा, गंगाराम साहू, यादराम साहू ,नरेश कुमार यादव, अशोक यादव, चेतन लाल साहू, राधे लाल जोशी, इतवारी यादव, पूरन गायकवाड, नरेश साहू, रूखमलाल साहू आदि ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### जांच के बाद की गई कार्रवाई

ग्रामीणों द्वारा इस तरह की शिकायत की गई, इसकी जांच की गई जांच के बाद इस मामले में सहायक उप निरीक्षक प्रदीप तिवारी सहित आरक्षक यशवंत देशमुख को सस्पेंड कर दिया गया है।

**- अशोक कुमार जोशी**
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद

# शिवलिंग खंडित करना पड़ा महंगा, आरोपी युवक पहुंचा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

अंडा थाना क्षेत्र के गांव में स्थापित तीन शिवलिंग को पत्थर मारकर खंडित करने से गुरुवार को अलसुबह ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। हिन्दू धर्म के आस्था पर आहत करने से ग्रामीणजन बड़ी संख्या में जुट गये।

वहीं अंडा थाना प्रभारी श्रध्दा पाठक सहित पुलिस टीम गांव पहुंची और नागरिकों को शांत कराया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी पाटन के निर्देशन पर अंडा पुलिस जांच जुट गई है। आरोप है कि 3 अप्रैल की दरम्यिानी रात ग्राम आलबरस के ही आरोपी रोहित कुमार यादव पिता घनश्याम यादव 23 वर्ष जो कि रात्रि में पत्थर से शिवलिंग को खंडित कर हिन्दू समाज की भावनाओं, आस्था को ठेंस पहुंचाया है।



जिस पर अंडा पुलिस ने आरोपी रोहित यादव को गिरफ्तार कर भादवि 295 ए के तहत रिमांड पर जेल भेज दिया।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


# तांदूला में डूबा मासूम

**अंडा।** थाना अंडा क्षेत्र के अंतर्गत तादुंला नदी में एक मासूम की डूबने से मौत हो गई। बच्चे की उम्र केवल एक वर्ष बताई गई है। वहीं हादसे के बाद माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बच्चे की मां सोनिया यादव पति संतानू यादव निवासी सुकेलाभाठा थाना पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा यहां रहकर ईंट भट्टे में मजदूरी करती थी। वह अपने पुत्र आयुष एक वर्ष को लेकर नदी में नहाने गई हुई थी। यहां नहाते समय उसने मासूम आयुष को किनारे में बिठाया हुआ था। थोड़ी देर बाद जब उसका ध्यान बच्चे पर गया तो वह किनारे में नहीं था। बच्चा सीधे पानी में गिरकर डूब गया था। थाना अंडा प्रभारी श्रध्दा पाठक के मार्गदर्शन के अनुसार एएस आई सुन्दर लाल नेताम घटना स्थल में जाकर पंचनामा कर बच्चे का शव परिजनों को सौंप दिया है।




## खबर संक्षेप

### चरणदास का बयान निंदनीय : चौधरी



अर्जुन्दा। चरणदास महंत द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई अनर्गल बयानबाजी को लेकर पूरे देश में आक्रोश फैल गया है। जगह–जगह भारतीय जनता पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। वहीं भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के ऊपर जिस तरह से टिप्पणी की गई है, यह बिल्कुल गलत है। देश के प्रधानमंत्री के संदर्भ में इस प्रकार की बयानबाजी निंदनीय है। विशेष रूप से ऐसे व्यक्ति का, जिन्होंने संसदीय परंपरा का निर्वहन किया है, यह वक्तव्य है जिसकी हम निंदा करते हैं। छत्तीसगढ़ की संस्कृति और सभ्यता के विपरीत चरण दास महंत ने बयान दिया है। जिससे छत्तीसगढ़ के 70 लाख महतारी, प्रदेश के किसान और युवा आक्रोशित हैं। चरण दास महंत के बयान के विरोध मे बीजेपी के कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए हैं, ये कांग्रेस को सबक सिखाने के लिए कमर कस लिए हैं।

### वार्षिक सम्मेलन कल

अंडा। छ.ग. झेरिया गडरिया धनकर समाज राज ग्राम आमटी में नवनिर्मित भगवान भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में प्रतिष्ठा एवं समाजिक वार्षिक सम्मेलन 7 अप्रैल को रखा गया है। इसमें मुख्य अतिथी विजय शर्मा उप मुख्यमंत्री छ.ग.शासन एवं अध्यक्षता विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा व विशेष अतिथि ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं समाज के पदाधिकारी एवं विभिन्न लोग उपस्थित रहेगें। समाज का वार्षिक सम्मेलन जिसमें समाज उत्थान, महिलाओं को समाज भागीदारी पर चर्चा बुजुर्गो का सम्मान, समाज का मुख्य व्यवसाय भेड़ पालन पर चर्चा, समाज में पूर्ण शराब बंदी, विभिन्न समाजिक समस्याओं पर चर्चा होनी है।

### आज सिन्हा समाज की बैठक

बालोद। विधानसभा स्तरीय सिन्हा समाज की बैठक करहीभदर सांकरा में आज 6 अप्रैल को 12 बजे मंडलेश्वर बालोद दिनेश सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित किया गया है। उपरोक्त जानकारी जनार्दन सिन्हा एवं देवेंद्र जायसवाल पूर्व सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग के द्वारा दिया गया है।

## निधन

### डॉ. राजेन्द्र ठाकुर



बालोद। ग्राम भुरकाभाट सुरेगांव निवासी डॉ. राजेन्द्र कुमार ठाकुर का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे बिमला बाई ठाकुर के बेटे, उषा ठाकुर के पति, चन्द्रभूषण, टेकेश्वर के भाई व ढालेन्द्र ठाकुर, रेवन्त ठाकुर के पिता थे।

### केशव ओटी



कुसुमकसा। कुसुमकसा निवासी केशव ओटी (40 र्ष) पिता स्व. परशादीराम ओटी का निधन हो गया है। वे मंगलसिंह, धरमसिंह, इतवारी के भाई व भावेश के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में शुक्रवार को किया गय।

### जयंती : कर्मा जयंती में शामिल हुए पीसीसी प्रमुख

# मां कर्मा से हमें सेवा की मिलती है सीख : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का शुक्रवार को राजीव भवन बालोद आगमन हुआ। उन्होंने समस्त कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात की और लोकसभा चुनाव कि तैयारियों पर चर्चा की।वे बालोद जिला मुख्यालय में भक्त माता कर्मा जयंती पर तहसील साहू संघ भवन में आयोजित मां कर्मा जयंती कार्यक्रम में विधायक संगीता सिन्हा के साथ शामिल हुए।

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा की भक्त माता कर्मा श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि साहू समाज की भांति दूसरे समाज भी एकता के एकसूत्र में बंधे हैं, किसी भी समाज को मजबूती प्रदान करती है उसकी एकता, साहू समाज अपने समाज की संस्कृति, रीति–रिवाजों को बखूबी संजोकर रख रहे हैं, जो कि प्रशंसा योग्य है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने भक्त माता कर्मा जी की जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ में साहू समाज सहित सभी समाजों द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती का पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। मां कर्मा हमें, श्रद्धा, भक्ति, नारी सम्मान और मानव सेवा की शिक्षा मिलती है, मां कर्मा का विराट व्यक्तित्व हम सभी को भक्ति के मार्ग पर चलते हुए लोगो की सेवा करने हेतु सदैव प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी, पुरुषोत्तम पटेल, गोपी हिरवानी, शम्भू साहू, पार्षद पदमणी नन्नू साहू, हसीना बेगम, दिनेश साहू, अंचल प्रकाश साहू, साहू समाज के पदाधिकारी सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।





### भक्त माता कर्मा जयंती पर हुए विविध आयोजन





जामगांव आर। भक्त माता कर्मा जयंती साहू सदन जामगांव आर में शुक्रवार को पूजा-अर्चना भव्य कलश यात्रा तथा विविध प्रतियोगिताओं के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि साहू समाज परिक्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू थे, अध्यक्षता प्रबुद्ध समाजसेवी वाईके साहू ने किया। विशेष अतिथि पंडवानी गायिका मीना साहू, रिटायर्ड टीचर देवनारायण साहू, पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष किशोर साहू, अध्यक्ष संतोष साहू, अंगेश्वर साहू, स्थानीय समाज पूर्व अध्यक्ष कोमल साहू, चतुर पीतांबर साहू, राजकुमार कृष्णा साहू, त्रिवेणी साहू, गंगा साहू थे। कुर्सी दौड़ और रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। पंच नंदनी साहू ने माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला। वंशिका, भावना, लुकू, जागृति सहित महिलाओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। मुख्य अतिथि कामता प्रसाद साहू ने कहा कि समाज मान सम्मान से जीवन जीने की कला सिखाता है। माता कर्मा ने समाज में चरित्रवान बनकर जीवन जीने का संदेश दिया है। इतिहास गवाह है सर्वत्र चरित्र की पूजा होती है, चरित्रहीन व्यक्ति दूसरों के नजरों में गिरा हुआ होता है। डांस में क्रमशः भावना वंशिका जागृति, गीत कविता में नंदनी ममता नुपुर, कुर्सी महिला में खिलेश्वरी तमेशवरी प्रथम, मालती ज्ञानेश्वरी द्वितीय, बालिका में गीतांजलि जिया प्रथम, मुस्कान भावना द्वितीय स्थान पर सम्मानित किए गए। इस अवसर पर भगवान साहू, लीलाधर, रमेश, नंदू, हरीश, रोमल जितेंद्र, रामनलाल, खोमलाल, नंदलाल, पवन, तामरूज, परमिला, दिनेशवरी, निर्मला, डामिन, लोमिन, गोदावरी, खेदिन साहू, शांति, पिलेशवरी साहू, बुधायारीन, ज्ञान बाई, दुकालू, ललित साहू, तेजराम, बुधारु, इतवारी, पुनीत, परदेशी, राजेंद्र, मोहित, सीताराम उपस्थित रहे। संचालन अंगेश्वर साहू, आभार अध्यक्ष संतोष साहू ने किया।

### मां कर्मा जयंती में मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान



गुरूर। ग्राम डोटोपार में ग्रामीण स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती मनाई गई। समारोह में समाज के तीन दानवीर भामाशाहो, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। समारोह के पूर्व कलशयात्रा निकाली गई व ध्वजारोहण किया गया। भामाशाहों ने समाज को 200 नग स्टील प्लेट, 100 नग गिलास देकर समाज में डिस्पोजल सामग्री को हतोत्साहित करने की दिशा में पहल की। वहीं समारोह में समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मंच संचालन मौसमी कलिहारी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पेंशनर समाज तहसील अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी थे। अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू संघ गुरूर टोमन लाल साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि लीलाराम सोनबेर, सरपंच डोटोपार अजय चतुर्वेदी, पुनीत राम तेलासी, भैया लाल साहू, चम्पेश्वर साहू, परमेश्वर कलिहारी, हिरऊ राम निशाद, गिरधर साहू, गंगाराम साहू, डेरहा राम साहू, खिलानंद साहू, महेश राम साहू, किशोर साहू, पतिराम साहू, मोजीराम कलिहारी, गुहलेद राम साहू, गांधीराम साहू, सीताराम सोनखुटिया, बीरसिंग साहू, रोमलाल साहू, पुनीत राम सेनपाल, उशा ईतवारी राम साहू, सत्यभामा साहू, संध्या लुकेश्वर साहू, चन्द्रकला, एकनारायण साहू उपस्थित थे।

## मां कर्मा जयंती पर निकली भव्य कलश यात्रा







बालोद। शुक्रवार को जिले भर में भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई गई। कर्मा जयंती मनाने गांवों में खासा उत्साह रहा और गांव में कामकाज बंद कर एक जगह एकत्र होकर कर्मा जयंती मनाई गई। वहीं शहरी क्षेत्रों में भी साहू समाज द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में माता कर्मा के तैलचित्र की पूजा अर्चना कर सामूहिक भोज कर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर राजनीतिक दल के प्रदेश स्तर के बड़े नेता भी जिले में पहुंचकर भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव दल्लीराजहरा नगर में आयोजित कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए, तो वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज भी बालोद विधायक संगीता सिन्हा के साथ साहू समाज के भवन में पहुंचकर भक्त माता कर्मा के तैलचित्र का पूजा अर्चना करते नजर आए। कर्मा जयंती को गांवों में भारी उत्साह के साथ मनाया गया और भीषण गर्मी के बीच बालिकाओं व महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई जो गांव में भ्रमण किया। ग्राम चारवाही और मेढकी मेढ़की में बाजे–गाजे व आतिशबाजी के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के लोग भक्त माता कर्मा की गीत पर झूमते नजर आए। समाज के पदाधिकारीयों ने सर्व प्रथम मां कर्मा के तैलचित्र की पूजा अर्चना की। वहीं इस आयोजन में सामाजिक एकता पर बल दिया गया। ग्राम मेढकी में हुए कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनराज साहू, चंद्रेश हिरवानी, दिनेश साहू, मनोहर साहू, देवेंद्र साहू,कुलेश्वर साहू, होरीलाल साहू, पदुम लाल हिरवानी, अम्ब्रेश हिरवानी, लक्ष्मीनारायण साहू, छबील साहू, हेमंत साहू, अमोल साहू, चंदन साहू, टहल साहू, भेष साहू, पूषन साहू, अमोली साहू, नारायण साहू सहित बड़ी सँख्या में समाज की महिलाए पुरुष व बच्चे शामिल हुए।

## बच्चों ने जाना योग का महत्व






डौंडीलोहारा। एक माह से लगातार संगीतमय योग शिविर पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर में बच्चों के साथ योग शिक्षिका सुरेखा अटल के द्वारा लिया जा रहा है। जिसमें प्रधान पाठक वीणा ठाकुर, अनिल दिल्लीवार, कुमार संभव देवांगन, राजेश्वरी साहू, सुनीता साहू समस्त स्टाफ एवं बच्चों ने योग में भाग लेकर स्वस्थ्य रहने का लाभ उठाया। सूक्ष्म व्यायाम सिर से लेकर पांव तक, योग प्राणायाम, यौगिग , जोंगिंग, ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, मंडूकासन, भास्त्रीका, कपालभाति, त्रिबंध, अग्निसार, उज्जाई, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, ध्यान, सिंहासन, हास्यासन, शांति पाठ अनेक प्रकार के योग के साथ-साथ खान-पान रहन सहन, संस्कार, संगत और संकल्प अच्छी पढ़ाई पर विशेष चर्चा के साथ बच्चों को ध्यान आकर्षण कराया गया। जिसमें निरंतर योग घर-घर योग और अंतिम व्यक्ति तक योग को पहुंचाने का दिशा निर्देश दिया जा रहा है।

## अभी से सूख गए सैकड़ों हैंडपंप

बालोद। जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल स्तर गिरने से पेयजल की समस्या विकराल रूप लेने लगा है। पीने से लेकर घरेलू कार्यो तथा फसलों व अन्य निस्तारी कार्य के लिए पानी की किल्लत होने लगी है। एक ओर जहां गर्मी बढ़ते क्रम में है, तो वहीं भूजल स्तर तेजी से घटते क्रम में है। जिले भर में मौजूद सैंकड़ों हैंडपंप बंद पड़े हैं, वहीं जो चालू हालत में है, वहां से लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। तीन दिनों से पीएचई विभाग के जिम्मेदार इस बारे में जानकारी देने से बच रहे हैं। जिले में हैंडपंप की स्थिति, नलजल योजना की स्थिति, जलस्तर में गिरावट की स्थिति सहित वर्तमान में नलकूप खनन को लेकर क्या निर्देश है? कोई बताने तैयार नहीं है। जल संरक्षण के नाम पर खानापूर्ति और अंधाधुंध भूजल के दोहन से जिले में पेयजल की विकराल समस्या पैदा हो गई है। जिले में इस वर्ष बारिश अच्छी हुई है, लेकिन जल संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया गया, लिहाजा अभी से जलसंकट गहराने लगा है। जिले में करीब 10 हजार हेक्टेयर में धान की फसल लगाई है। किसान धान की फसल के लिए 24 घंटे मोटरपंप चला रहे हैं। लगातार भू–जलस्तर के दोहन का दुष्परिणाम अब सामने आ रहा है।

# राजगद्दी व गुरुगद्दी के समन्वय से होता है राष्ट्र का उत्थान : पं. दिवाकर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- ग्राम डोटोपार में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह जारी

ब्राह्मण को शास्त्र के साथ शस्त्र का भी ज्ञान होता है। ब्राह्मण 32 विद्या एवं 64 कला में निपुण है। शास्त्र व शस्त्र दोनों में समन्वय होना चाहिए। व्यासपीठ का सम्मान होना चाहिए, बिना गुरु गद्दी से समन्वय के राजगद्दी सफल नहीं हो सकती। जहां राजगद्दी व गुरुगद्दी में समन्वय होता है उस राष्ट्र का उत्थान होता है।

उक्त बातें ग्राम डोटोपार में चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा के दौरान व्यासगद्दी में विराजित व्याख्यान दिवाकर झम्मनलाल शास्त्री ने कहीं। उन्होंने कहा भारत-ऋषि मुनियों का देश है। ऋषि मुनियों के मार्गदर्शन, आशीर्वाद से भारत में बड़े–बड़े प्रतापी राजा हुए। कई राजा सीधे स्वर्ग लोक तक जाया करते थे।

शास्त्री जी ने कहा भागवत कथा बहुत बड़ी है, इसमें भृगुवंश, चंद्रवंश, सूर्यवंश, इच्छ्वाकु वंश, यदुवंश, सहित अनेकों वंश का वर्णन है। शास्त्री जी ने चंद्रवंश की प्रतापी राजा ययाति की कथा सुनाते हुए कहा वे इंद्रलोक तक सीधी पहुंच रखते थे। लेकिन स्वयं की सद्कर्मों का बखान अपने मुख से कर उन्होंने अपना पतन कर लिया। श्री



शास्त्री जी ने कहा दान, पुण्य करो, परोपकार करो, सत्कर्म, यज्ञ, पूजा, सेवा करो लेकिन स्वयं कभी उसका बखान नहीं करो। स्वयं के मुख से अपने सत्कर्मों, परोपकार का बखान करने से उसका पुण्य खत्म हो जाता है।

झम्मन प्रसाद शास्त्री ने कहा पहले पुण्य कर उसे छिपाया जाता था एवं अपने पाप को बताया जाता था तब सर्वत्र सुख शांति थी। आज पाप को छुपाया जाता है एवं पुण्य का बखान किया जाता है जिससे पुण्य का फल कम हो जाता है, इससे आज पापचार बढ़ रहा है।

शास्त्री जी ने भगवान परशुराम की कथा सुनाते हुए कहा परशुराम जी ने 21 बार धरती में क्षत्रियों का नाश किया। उन्होंने सभी क्षत्रियों का नाश नहीं किया उन आततायी, उददंड, धर्म से भटक चुके क्षत्रियों का नाश किया। उन्होंने कहा ब्राह्मण, क्षत्रिय लड़े तो राष्ट्र की रक्षा कैसे होगी। ब्राह्मण शास्त्र के साथ शस्त्र का भी ज्ञाता होता है वह शास्त्र के साथ शस्त्र संचालन की शिक्षा देता है।

शास्त्री जी ने राम अवतार की कथा सुनाते हुए कहा दंडकारण्य अर्थात आज के छत्तीसगढ़ में भगवान राम लंबे समय से नंगे पैर चले हैं। छत्तीसगढ़ के कण–कण में नाम बसे हैं। इसीलिए छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक राम कथा होती है। भगवान राम ने 11 हजार वर्षों तक राज किया, उनका राज में सर्वत्र सुख, शांति, समृद्धि, प्रेम, सद्भावना थी, ना कोई दुखी था, ना कोई अभाव में रहता था। इसीलिए राम राज्य के लाखों साल बाद भी देश राम राज्य स्थापना की बातें करता है।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य पहुंची थीं बालोद

# राज्य की भाजपा सरकार कर रही बेहतर कार्य : नजमा अजीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



एक दिवसीय प्रवास पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिती सदस्य, छत्तीसगढ़ राज्य उर्दू अकादमी की पूर्व उपाध्यक्ष नजमा अजीम खान बालोदपहुंची। वे भाजपा कार्यालय पहुंचकर पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे, पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर, भाजपा जिला अध्यक्ष बालोद पवन साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत जैन, भाजपा प्रदेश कार्यसमिती सदस्य कृष्णकांत पवार, यज्ञदत्त शर्मा एवं भाजपा पदाधिकारीगण, कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

जिसके बाद वे दल्लीराजहरा पहुंची, जहां समाजिक संवाद कार्यक्रम में शामिल हुईं। उक्त कार्यक्रम में नजमा अजीम खान ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार बेहतर कार्य कर रही है, लगभग चार महीनो से राज्य में भाजपा की सरकार है, मोदी जी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार बेहतर कार्य कर रही है, जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, महतारी वंदन योजना से राज्य की महिलाएं बहुत खुश है।

कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिती सदस्य एवं बस्तर संभाग सह प्रभारी, कांकेर लोकसभा सह प्रभारी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मोहम्मद अबरार सिद्दीकी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की तरक्की, खुशहाली, हर वर्ग की बेहतरी के लिए कार्य कर रहे है मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी वर्ग को लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में जबसे भाजपा की सरकार बनी है मोदी जी की गारंटी में छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक मिल रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद माताओं बहनों ने कहा न दूरी है न खाई है, मोदी हमारा भाई है के नारे लगाए। सामाजिक संवाद कार्यक्रम के पश्चात नजमा अजीम खान रोजा इफ्तार कार्यक्रम में शामिल हुई, जहां बड़ी संख्या में मुस्लिम माताएं, बहनें उपस्थित थी।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### नवरात्रि के अवसर पर होंगे विविध आयोजन

**लाटाबोड़।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण ग्राम सिर्राभांठा में कथा अमृत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक किया जा रहा है। आयोजनकर्ता राजेश सिन्हा ने बताया की इस अवसर पर ज्योति कलश स्थापना एवं महायज्ञ स्थापना, सत्संग हरि नाम संकीर्तन, गायत्री महायज्ञ एवं विष्णु सहस्त्रनाम, पंचमी पूजा, विष्णु सहस्त्रनाम महायज्ञ, महामृत्युंजय महायज्ञ, अष्टमी पूजन हवन एवं महायज्ञ, नौ कन्या पूजन एवं राम जन्म उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन सिन्हा परिवार क़े द्वारा भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की असीम कृपा से पूर्वज स्व. सुन्दरी दाई सिन्हा, स्व. सोहागा बाई सिन्हा, स्व. भिखारी राम सिन्हा, स्व. डिहारी राम सिन्हा, स्व. शिवनंदन सिन्हा (पिता जी), स्व. ईश्वरी प्रसाद सिन्हा, स्व. नकुल राम सिन्हा (नाना जी) के स्मृति में किया जाएगा।

### भाजपा अजजा मोर्चा की बैठक 7 को

**गुरूर।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा संजारी बालोद विधानसभा की बैठक 7 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से भाजपा कार्यालय मंडल गुरुर में आहुत की गई है। जिसमें अनुसूचित जनजाति मोर्चा भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष विकास मरकाम, भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद के अध्यक्ष पवन साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कांकेर के लोकसभा प्रभारी सुमित्र मारकोले, सह प्रभारी डॉक्टर देवेंद्र माहला, अनुसूचित जनजाति मोर्चा बालोद जिला के अध्यक्ष शुभसिंह कुरेती आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति वर्ग के संजारी बालोद विधानसभा में निवास रत सभी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला एवं मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य गणों के अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य, जनपद अध्यक्ष एवं सदस्य एवं ग्राम पंचायत के सरपंचो को भी उपस्थित होने का अपील अनुसूचित जनजाति मोर्चा संजारी बालोद विधानसभा प्रभारी गिरधर ठाकुर, सह प्रभारी मेहतर नेताम ने किया है।

### घर लौट रही महिला हुई अनाचार की शिकार

**बालोद।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मुख्यमार्ग में एक महिला दुष्कर्म का शिकार हो गई। आरोपी के चंगुल से छूटकर वह किसी तरह थाना पहुंची और मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थीया किसी काम से बालोद आई हुई थी। रात करीब 8 बजे वह अपनी साइकिल से वापस लौट रही थी। इसी दौरान सूनसान जगह पर पहले से घात लगाकर बैठे किसी अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थीया को साइकिल से नीचे गिरा दिया और गमछे से उसका मुंह बांधकर सूनसान जगह ले गया। आरोपी ने महिला के साथ अनाचार किया। इस बीच महिला किसी तरह से आरोपी के चंगुल से छूटी और थाना पहुंचकर अपनी आपबीती बताई। कोतवाली थाना पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 341, 354 (ख), 376, 382, 506, 511 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी है।

## आयोजन : ग्राम ठेकवाडीह में धूमधाम से मनाई गई जयंती

# मां कर्मा थीं सेवा, त्याग और भक्ति की पर्याय





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम ठेकवाडीह में ग्रामीण स्तरीय मां कर्मा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। साहू समाज भवन में मां कर्मा की पूजा-अर्चना की गई। मां कर्मा की शोभायात्रा निकाली गई, जहां बाजेगाजे के साथ समाज की महिलाएं सिर पर कलश धारण कर गांव का भ्रमण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नारायण साहू ने कहा कि साहू समाज की आराध्य देवी कर्मा माता सेवा, त्याग और भक्ति समर्पण की देवी हैं।

कर्मा बाई की गौरव गाथा जनमानस में श्रद्धा तथा भक्तिभाव से वर्षों से चली आ रही है। मां कर्मादेवी का जन्म पापमोचनी एकादशी के दिन चौत्र कृष्ण पक्ष की एकादशी को हुआ था। उनमें बाल्यावस्था से ही धार्मिक कहानियां सुनने की रुचि हो गई थी। कर्माबाई को जितना भी समय मिलता था, वे भगवान श्रीकृष्ण के भजन–पूजन व ध्यान आदि में लगाती थीं। उन्होंने अपनी भक्ति से साक्षात श्रीकृष्ण के दर्शन किए और जगन्नाथपुरी में बहुत समय तक समुद्र के किनारे रहकर अपनी गोद में लेकर बालकृष्ण को अपने हाथों खिचड़ी खिलाई थी, ऐसी मान्यता है। ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष मदन मोहन साहू ने कहा कि मां कर्मा अपने तन, मन और धन से सामाजिक और धार्मिक कार्यों में लगी रहने वालीं कर्मा देवी दीन–दुखियों के प्रति दया भावना रखती थीं। सरपंच भारती मरकाम ने कहा की माता कर्मा शक्ति एवं भक्ति की प्रतीक है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर साहू समाज द्वारा रक्तदान किए हुए रक्तदाताओं केशव साहू, उदयलाल साहू, हेमंत साहू, राधेलाल साहू का श्रीफल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नारायण सिंह साहू, अध्यक्ष ग्रामीण साहू संघ मदन मोहन साहू, उप सरपंच किरण यादव, कविता साहू, बहुर सिंह साहू, बालाराम सोनवानी, विक्रम सिंह ठाकुर, चिंताराम साहू, गुलाब सिंह साहू, ठाकुर राम ठाकुर, गैदलाल लाल ठाकुर उपस्थित थे।

### उत्साहपूर्वक मनी गया भक्त माता कर्मा जयंती




**अंडा।** ग्राम पंचायत सिरसिदा में भक्त माता कर्मा जयंती उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान ग्राम में कलश यात्रा निकाला गया। आराध्य देवी भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर साहू समाज द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सर्वप्रथम माता कर्मा के प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना कर आरती की इसमें साहू समाज के सभी लोग व ग्राम के सभी नागरिक उपस्थिति रहे। ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष जोहनू राम साहू, उपाध्यक्ष सुखसागर साहू, सचिव जागेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष मनोहर साहू, संरक्षक बालगोविंद साहू, उपाध्यक्ष श्रीमति रागिनी साहू, सदस्य रामाश्रा साहू, हीरामन साहू, लखन लाल साहू, पुरुषोत्तम साहू, हीरालाल साहू, चंदन साहू आदि उपस्थित थे।

### कर्मा जयंती पर निकली कलशयात्रा




**गुरूर।** साहू समाज द्वारा ग्राम फागुनदाह में समाज की कुलदेवी माता कर्मा जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाएं, पुरूष व बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रातः समाज की महिलाओं द्वारा घरों से कलश सजाकर कलश यात्रा निकाली गई जो पूरे ग्राम का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। यहां माता कर्मा की आरती की गई तथा शाम को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाई कर्मा जयंती

**डौंडीलोहारा।** ग्रामीण साहू समाज ग्राम सेम्हरडीह में साहू समाज अध्यक्ष हरिराम साहू, साहू समाज सचिव गजाधर साहू के नेतृत्व में पूर्ण विधि-विधान से तेली साहू समाज की कुलदेवी मां कर्मा के शैलचित्र पर पूजा-अर्चना कर मनाया गया। जिसमें समाज के पदाधिकारी तथा सामाजिक लोगों के साथ-साथ समाज के महिला, बुजुर्ग व बच्चे तथा अन्य समाज के लोग भी उपस्थित रहे। साहू समाज के पदाधिकारी ने बताया कि मां कर्मादेवी भगवान की महान भक्त थीं, इसलिए श्रीकृष्ण ने उन्हें साक्षात दर्शन दिए थे। तब माता ने अपने सामने बैठाकर भगवान श्रीकृष्ण को खिचड़ी खिलाई थी। अतः इस दिन मां कर्मादेवी का पूजन-अर्चन अनिवार्य रूप से करने तथा खिचड़ी का भोग लगाकर प्रसाद बांटने की मान्यता है। कार्यक्रम में उत्तरा कुमार मानकर, देवाराम, छोटेलाल, दुजराम, पूर्व अध्यक्ष कमलनारायण साहू, ग्रामीण साहू समाज उपाध्यक्ष सरिताबाई, तिलकराम, पंच केमीनबाई, लक्ष्मी बाई, धनेश साहू, लक्ष्मीनारायण उपस्थित रहे।

### धूमधाम से हुआ कर्मा जयंती कार्यक्रम




**अंडा।** साहू समाज के तत्वावधान में शुक्रवार को ग्राम चिंगरी में भक्त माता कर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समाज के पदाधिकारियों द्वारा भक्त कर्मा माता की पूजा-अर्चना की गई और ग्राम में भव्य कलशयात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। इस अवसर पर माताओं ने पीले रंग की साड़ी धारण किया हुआ था। भक्त कर्मा माता जयंती पर साहू समाज व्दारा खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर गांव के सरपंच पुष्पा देवी देशमुख, बी.एन. भारद्वाज, डा.के.एल दिल्लीवार,



मोहन लाल दिल्लीवार, ग्रामीण अध्यक्ष डोमन लाल साहू, पूर्व अध्यक्ष अलख राम साहू, पूर्व अध्यक्ष विजय साहू, मालिक राम साहू, शुखन्दन साहू,चन्द्रहास साहू, शंकर साहू, दयालु साहू,ओंकार साहू,बलदीप साहू,बेदनाथ साहू, अर्जुन साहू,कुवंर सिंह साहू, किशुन साहू,संतोष साहू, बाला राम साहू,हृदय राम साहू, कामता प्रसाद साहू, पोषण लाल साहू,छन्नू लाल साहू, डा नेम लाल साहू, लाला राम साहू अलेंदे साहू,नेतराम साहू,पोषण साहू,डहर साहू, रघुनाथ साहू,कामता प्रसाद साहू,जगन साहू,प्रमोद साहू, प्रकाश साहू, भीषम साहू, नेमचंद साहू,देवरथ सुधीर साहू आदि उपस्थित थे।

# कर्म के अनुसार होती है आत्मा की गतिः पं. झा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम खपरी (भोथीपार) में ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथा व्यास पंडित अमित सरस भारती झा ने मरने के पश्चात आत्मा के साथ होने वाले व्यवहार की व्याख्या करते हुए कथा सुनाई।

उन्होंने कहा कि गरुड़ पुराण के अनुसार जब आत्मा शरीर छोड़ती है तो उसे दो यमदूत लेने आते हैं। मानव अपने जीवन में जो कर्म करता है, यमदूत उसे उसके अनुसार अपने साथ ले जाते हैं। अगर मरने वाला सज्जन है, पुण्यात्मा है तो उसके प्राण निकलने में कोई पीड़ा नहीं होती है, लेकिन अगर वो दुराचारी या पापी हो तो उसे पीड़ा सहनी पड़ती है। मृत्यु के बाद आत्मा को यमदूत केवल 24 घंटों के लिए ही ले जाते हैं और इन 24 घंटों के दौरान ही दिखाया जाता है कि उसने कितने पाप और कितने पुण्य किए हैं। इसके बाद आत्मा को फिर उसी घर में छोड़ दिया जाता है, जहां उसने शरीर का त्याग किया था। इसके बाद 13 दिन के उत्तर कार्यों तक वह वहीं रहता है। 13 दिन बाद वह फिर यमलोक की यात्रा करता है। पुराणों के अनुसार जब भी कोई मनुष्य मरता है और आत्मा शरीर को त्याग कर यात्रा प्रारंभ करती है तो इस दौरान उसे तीन प्रकार के मार्ग मिलते हैं। उस आत्मा को किस मार्ग पर चलाया जाएगा, यह केवल उसके कर्मों पर निर्भर करता है। ये तीन मार्ग हैं अर्चि मार्ग, धूम मार्ग और उत्पत्ति–विनाश मार्ग, अर्चि मार्ग ब्रह्मलोक और देवलोक की यात्रा के लिए होता है। वहीं धूममार्ग पितृलोक की यात्रा पर ले जाता है और उत्पत्ति–विनाश मार्ग नर्क की यात्रा के लिए है।

# शिक्षा नीति में हो धर्म-अध्यात्म का समावेश : झम्मन शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



■ विश्व में सनातन परंपरा के प्रति बढ़ रहा लोगों का आकर्षण

देश में सनातन परंपरा की ओर लोगों का आकर्षण बढ़ा है। मठ, मंदिरों, धर्मशास्त्र, वेद पुराण, रामायण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है। अपने सनातन संस्कृति के प्रति आस्था व अपनत्व जागृत हुआ है, सनातन धर्म विश्व को मार्गदर्शन देने में समर्थ है। भारत सनातन संस्कृति के बल पर विश्वगुरू के रूप में प्रतिष्ठित हो रहा है, इसमें महापुरूषों का योगदान स्मरणीय होगा।

उक्त बातें ग्राम डोटोपार पहुंचे कथावाचक आचार्य झम्मन प्रसाद शास्त्री महाराज ने कही। उन्होंने कहा भारत ऋषियों की तपोस्थली है, भगवान की जन्मभूमि, लीला भूमि होने के कारण यहां आध्यात्मिक वातावरण सैदव रहा है। भारतीय संस्कृति महान संस्कृति है, भारत विश्व का हृदय है। हृदय में विकार आने पर शरीर अस्वस्थ हो जाता है। भारत विश्व के के मार्गदर्शक के रूप में सदैव स्थापित रहा है, प्रमाणित आचार्यो, धर्माचार्यो का मार्गदर्शन सदैव मिलता रहा है।

श्री शास्त्री ने शिक्षा नीति में परिवर्तन की बात कहते हुए कहा शिक्षा पद्वति में आध्यात्म एवं नीति का समावेश होना चाहिए। धर्म, आध्यात्म एवं नीति विहीन शिक्षा पद्वति के चलते बच्चों को अपने प्राचीन ऋषि-मुनी एवं पूर्वजों के प्रति जो आस्था होनी चाहिए उसमें अभाव परीलिक्षित होता है। रामायण, गीता, महाभारत, नीति, उपनिषदों का ज्ञान भारत के पास है। आज आवाश्यक है कि शिक्षा पद्वति में अमूलचूल परिवर्तन होना चाहिए। जिससे भारत का लौकिक, अध्यात्मिक उत्कर्ष ज्यादा हो। भातर विश्व पटल पर महान दिव्य व भव्य रूप में परिलक्षित हो, जिससे समाज मे नैतिक मूल्यों की स्थापना हो।

# नवोदय विद्यालय में हुआ तीन बच्चों का चयन



**जामगांव आर।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामगांव आर प्राथमिक विभाग से जवाहर नवोदय चयन परीक्षा 2023–24 में 3 बच्चों अदिति टंडन, सुकृति साहू, अनुराग बेलचंदन को सफलता मिली है। संकुल समन्वयक रूपेश साहू, प्राधान पाठक खैरुन निशा खान, प्राचार्य राजेश पिल्लई, ओम प्रकाश वर्मा, सिंधु अनिल कुमार, रचना तिवारी, राजेंद्र नाग, प्रियंका, रानी नंदिनी और अमन व शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।





